NBT
नवभारत टाइम्स
। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । गुरुवार, 16 दिसंबर 2021 www.delhi.nbt.in

पैरंट्स ने ऑनलाइन भरे फॉर्म, कई स्कूल भी पहुंचे

Katyayani.Upreti@timesgroup.com

■ दिल्ली के प्राइवेट स्कूलों में नर्सरी का एडमिशन प्रक्रिया बुधवार से शुरू हुई। ज्यादातर स्कूलों के फॉर्म ऑनलाइन मिल रहे हैं, वहीं कुछ स्कूलों में जाकर भी पैरंट्स फॉर्म ले रहे हैं। 7 जनवरी तक फॉर्म भरे जा सकेंगे। 1729 स्कूलों में से 1530 स्कूलों ने रात तक अपना एडमिशन क्राइटेरिया अपलोड कर लिया था। करीब 200 स्कूलों ने एडमिशन क्राइटेरिया अपलोड नहीं किया था। शिक्षा निदेशालय ने कहा कि गुरुवार को उन स्कूलों को सभी जिलों के डीडीई चेतावनी देंगे, जिन्होंने एडमिशन क्राइटेरिया अपलोड नहीं किए है। अगर तब भी एडमिशन क्राइटेरिया की जानकारी साझा नहीं की जाती है, तो इनकी एडमिशन प्रक्रिया भी रोकी जा सकती है। 4 फरवरी को पहली एडमिशन लिस्ट जारी होगी।

बुधवार को पैरंट्स अपने बच्चों के एडमिशन के लिए एक्टिव हो गए। कई पैरंट्स ने पहले ही दिन कुछ स्कूलों के फॉर्म भर दिए, वहीं कई पैरंट्स स्कूल जाकर चेक करके फॉर्म भरने की तैयारी में हैं। पुष्प विहार में रहने वाले मानवेंद्र सिंह कहते हैं, मैंने अपनी बेटी के लिए तीन स्कूल स्क्रूटनी किए हैं, वीकेंड में फॉर्म भरकर जमा कर दूंगा। मगर मुझे कई लोगों ने सलाह दी है कि सिर्फ तीन स्कूल नहीं, बल्कि कम से कम दस स्कूल के फॉर्म जरूर भरूं। इस वजह से अब एक दिन पत्नी के साथ तीन-चार और स्कूल चेक करूंगा। मयूर विहार फेज 1 की रहने वाली सुमुधि जैन कहती हैं, मेरे बेटे का नर्सरी में एडमिशन होना है। हम उसी स्कूल में एडमिशन चाहते हैं, जहां बड़ा बेटा पढ़ता है, तो आज उस स्कूल फॉर्म तो भर लिया। डिस्टेंस और सिबलिंग दोनों के पॉइंट्स हमारे पास हैं, इसलिए एडमिशन की उम्मीद भी है। मगर फिर भी पांच-छह और स्कूल के फॉर्म हम भरेंगे।

> 1530 स्कूलों ने क्राइटेरिया अपलोड किया, 4 फरवरी को पहली एडमिशन लिस्ट जारी होगी

स्कूलों की तरफ से भी एडमिशन की पूरी तैयारी कर ली गई है। डीएवी पब्लिक स्कूल, वसंत कुंज की प्रिंसिपल अंजू पुरी कहती हैं, रिस्पॉन्स अच्छा है, हम ऑनलाइन फॉर्म ही ले रहे हैं। नर्सरी में जनरल कैटेगरी की 75 सीटें हैं और हम एडमिशन में सबसे ज्यादा 50 पॉइंट डिस्टेंस के लिए देंगे। 0 से 3 किलोमीटर की रेंज में 50 पॉइंट, 3 से 6 किमी में रहने वाले को 40, 6 से 8 किमी की रेंज में रहने वाले बच्चे को 20 पॉइंट दिए जाएंगे। जितना नजदीक बच्चा, उतने ज्यादा पॉइंट। यह कोविड के दौर के लिहाज से भी सही है क्योंकि ट्रांसपोर्ट सुविधा देना अब स्कूलों के लिए मुश्किल हो गया है। बसें बहुत कम हैं और आगे चलकर बसों की सुविधा महंगी भी होगी क्योंकि कोविड की वजह से बच्चे कम होंगे। स्कूल उस बच्चे को 40 पॉइंट देगा, जिसका भाई या बहन उसी स्कूल में पढ़ता हो। अगर पैरंट भी उसी स्कूल से पढ़ा हो, तो बच्चे को 10 पॉइंट अल्मनाई के लिए मिलेंगे। वहीं, पीतमपुरा के एम एम पब्लिक स्कूल ने पैरंट्स के लिए ऑनलाइन फॉर्म और ऑफलाइन फॉर्म दोनों का ऑप्शन दिया है। स्कूल की प्रिंसिपल रूमा पाठक कहती हैं, कई पैरंट्स स्कूल देखकर और बातचीत करके स्कूल चुनते हैं। पहले दिन कई पैरंट्स हमारे स्कूल पहुंचे। हम नेबरहुड और गर्ल चाइल्ड को प्राथमिकता दे रहे हैं। 100 पॉइंट में 50 पॉइंट नेबरहुड, 20 पॉइंट गर्ल चाइल्ड, 10 अल्मनाई, 10 सिबलिंग और 10 पॉइंट फर्स्ट बॉर्न के लिए रखे हैं। नर्सरी की 75% ओपन सीटों के लिए फॉर्म भरने शुरू हुए हैं, बाकी 25% EWS/DG सीटों की एडमिशन प्रक्रिया के लिए अलग से गाइडलाइंस और शेड्यूल जारी होगा।

FILE



एडमिशन क्राइटेरिया अभी तक अपलोड ना करने वाले स्कूलों डीडीई देंगे वॉर्निंग

नर्सरी एडमिशन 2022-23

100 पॉइंट एडमिशन क्राइटेरिया

डीपीएस, मथुरा रोड
(130 सीट)
- नेबरहुड 70
- सिबलिंग 15
- अल्मनाई 15

इंडियन स्कूल, सादिक नगर
- डिस्टेंस 60
- सिबलिंग 20
- अल्मनाई 20

रघुबीर सिंह जूनियर मॉडर्न स्कूल, हुमायूं रोड
- जनरल कैटेगरी 50
- सिबलिंग 25
- अल्मनाई 25

विद्या बाल भवन सीनियर सेकंडरी स्कूल, मयूर विहार 3
- डिस्टेंस 40
- सिबलिंग 10
- अल्मनाई 10
- गर्ल चाइल्ड 10
- पैरंट्स का वैक्सीनेशन 20
- फ्रंटलाइन वॉरियर्स पैरंट 10

द मदर्स इंटरनैशनल, कालू सराय
- नेबरहुड 40
- सिबलिंग 30
- अल्मनाई 20
- गर्ल चाइल्ड 10

दिल्ली इंटरनैशनल स्कूल
- नेबरहुड 80
- सिबलिंग 20